क्या आप जानते है...

क्या आप जानते है...

की आप परमेश्वरकी दृष्टि में पापी है?

"इसलिए की सब ने पाप किया है और परमेश्वर की महिमा से रहित है।" रोमियो 3:23

"यदि हम कहे, कि हम में कुछ भी पाप नहीं, तो अपने आप को धोखा देते है: और हम में सत्य नहीं।" 1 यूहन्ना 1:8

आपका मौत के साथ और परमेश्वर के साथ मिलनेका एक नियुक्त समय है!

"और जैसे मनुष्यों के लिए एक बार मरना और उसके बाद न्याय का होना नियुक्त है।"
इब्रानियों 9:27

की आपका न्याय परमेश्वर के द्वारा किया जाएगा?

"और हे मनुष्य, तू जो ऐसे ऐसे काम करने वालों पर दोष लगाता है, और आप वे ही काम करता है; क्या यह समजता है, कि तू परमेश्वर की दण्ड की आज्ञा से बच जाएगा?" रोमियो 2:3

की यदि आपने आपका जीवन परमेश्वर के साथ सही नहीं किया तो, आपको अनन्तकाल के लिए आगकी झील में डाल दिया जाएगा?

"दुष्ट अधोलोक में लौट जाएंगे, तथा वे सब जातिया भी जो परमेश्वर को भूल जाती है।" भजन संहिता 9:17

"और उन्हें आग के कुंड में डालेंगे, वहा रोना और दांत पीसना होगा।" मत्ती 13:42

आप के लिए एक रास्ता है जिसके झरिये आप अपना जीवन परमेश्वर के साथ सही कर सकते है।
"क्योंकि परमेश्वरने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उस ने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाए।" योहान 3:16

मुझें अनन्त जीवन प्राप्त करने के लिए क्या करना चाहिए?

1. पश्च्याताप

"इसलिए परमेश्वर अज्ञानता के समयों में आनाकानी करके, अब हर जगह सब मनुष्यों को मन फिराने की आज्ञा देता है।" प्रेरितों के काम 17:30

2. मसीह यीशु को अपने उद्धारकर्ता के रूपमें ग्रहण करना

"परन्तु जितनो ने उसे ग्रहण किया, उस ने उन्हें परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात उन्हें जो उसके नाम पर विश्वास रखते हैं।" युहन्ना 1:12

3. परमेश्वर के सामने अपने पापोंका अंगीकार करे

"यदि हम अपने पापों को मान ले, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने, और हमें सब अधर्म से शुध्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है।" 1 युहन्ना 1:9

4. परमेश्वर के वचन के अनुसार जीवन जीना

"परन्तु वचन पर चलने वाले बनो, और केवल सुनने वाले ही नहीं जो अपने आप को धोखा देते है।" याकूब 1:22

"मेरी आज्ञाओं को मान, इस से तू जीवित रहेगा, और मेरी शिक्षा को अपनी अपनी आंख की पुतली जान।" नीतिवचन 7:2